# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001
## Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar
Dharampura-2, Jagdalpur, Dist.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pin code 494001
Telephone 07782-229037, Fax 07782-229037 Website: www.smkvbastar.ac.in

क्रमांक / 923 / ए–6 / अका. / कार्यपरिषद / 2025 जगदलपुर, दिनांक 21 / 03 / 2025

## कार्यवृत्त
## कार्यपरिषद् की 57वीं बैठक
## दिनांक 21 / 03 / 2025

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कार्यपरिषद की 57वीं बैठक दिनांक 21.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य भौतिक एवं वर्चुअल मोड (Google Meet App) के माध्यम से बैठक में भौतिक रूप में उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलपति<br>शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर | पदेन अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. रश्मि सिंह, प्राचार्य,<br>शासकीय महर्षि वाल्मीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर | सदस्य |
| 3. | डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य,<br>भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर | सदस्य |
| 4. | श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, प्राचार्य,<br>श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर | सदस्य |
| 5. | संभागीय संयुक्त संचालक,<br>कोष लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर | सदस्य |
| 6. | डॉ. शरद नेमा, प्राध्यापक, वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला<br>शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर | सदस्य |
| 7. | डॉ. राजेश लालवानी कुलसचिव | पदेन सचिव |
| | **गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाईन सम्मिलित सदस्य** | |
| 8. | श्रीमती राजलक्ष्मी सेलट,<br>विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग | सदस्य |
| 9. | डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य,<br>शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव | सदस्य |
| 10. | डॉ. एस.के.पाण्डेय, पूर्व कुलपति एवं प्राध्यापक,<br>पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर | सदस्य |

**विषय क्रमांक–01** **(विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 56वीं बैठक दिनांक 04.01.2025 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि पर विचार।

**निर्णय :–** कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–02** **(विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 56वीं बैठक दिनांक 04.01.2025 के कार्यवृत्त का पालन प्रतिवेदन पर विचार।

**निर्णय :–** पालन प्रतिवेदन की सम्पुष्टि प्रदान की गई।

21 MAR 2025

**विषय क्रमांक–03** **(विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 06.03.2025 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 25वीं बैठक एवं दिनांक 20.03.2025 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 26वीं बैठक (आपात) में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं समस्त विषयों पर लिये गये निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय :–** दिनांक 06.03.2025 विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 25वीं बैठक एवं दिनांक 20.03.2025 को आयोजित 26वीं बैठक (आपात) के समस्त निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–04** **(विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

आवेदक–मोतिन बाई टेकाम, ग्राम–कढ़ाई खोदरा पटेल पारा, अन्तागढ़, जिला–उत्तर बस्तर कांकेर, स्व. डॉ. केतन टेकाम की स्मृति में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2023–24 में हिन्दी विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षा में उत्तीर्ण कर चुके एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अनुसूचित जनजाति **(एसटी)** छात्रों को आगामी दीक्षांत समारोह में स्व. डॉ. केतन टेकाम की स्मृति में स्वर्ण पदक दिये जाने हेतु विश्वविद्यालय नवीन विनियम क्रमांक–119 तैयार किया गया है जिसके अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय :–** नवीन विनियम क्रमांक–119 को अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–05** **(विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शैक्षणिक सत्र 2024–25 में नियमित स्नातक/स्नातकोत्तर एवं स्नातक/स्नातकोत्तर स्वाध्यायी तथा डिप्लोमा, पी.जी. डिप्लोमा, पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात COEMPT EDUTECK PRIVATE LIMITED, Madhura Nagar, Hydrabad, Telangana के देयक राशि रू. **17,35,188.00,** (सत्रह लाख पैंतीस हजार एक सौ अठासी रू.) के भुगतान की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय :–** भुगतान की स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–06** **(विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

ग्रंथालय समिति का गठन विश्वविद्यालय विनियन क्रमांक 29 के पृष्ठ क्रमांक 18 एवं 19 के अनुसार किया जाना है वर्तमान में ग्रंथालय समिति का कार्यकाल पूरा हो चुका है जो कि 3 वर्षो का होता है, विनियन क्रमांक 29 के पृष्ठ क्रमांक 18 एवं 19 के सरल क्रमांक 3 के अनुसार (Two members to be appointed by the Executive Council from amongst its own members who are not covered under (i) and (ii) above) सदस्यों का मनोनयन किये जाने पर पर विचार।

**निर्णय :–** ग्रंथालय समिति हेतु (1) श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, प्राचार्य, श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर एवं (2) श्री कमलेश रायस्त, संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर को सर्वसम्मति से नामित किया गया।

**विषय क्रमांक–07** **(विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

वर्ष 2025 में विश्वविद्यालय ग्रंथालय हेतु पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को नवीनीकरण करवाया जाना तथा नये पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को विभिन्न प्रकाशकों से मंगाया जाना प्रस्तावित है। (सूची संलग्न) वर्ष 2024 में पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं हेतु राशि रू. 3,70,714.00 (तीन लाख सत्तर हजार सात सौ चौदह रू.) का व्यय हुआ था। वर्तमान में विश्वविद्यालय में संचालित कुल 29 विभागों (स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम) हेतु पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं तथा e-पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को मंगाया जाना है जो कि विश्वविद्यालय के नेक प्रत्यायन/नये पाठ्यक्रम हेतु भी

21 MAR 2025

आवश्यक है। जिसमें अनुमानित लागत राशि रू. 5,61,776.00/–(पांच लाख इक्सठ हजार सात सौ छिहत्तर रू.) व्यय होना संभावित है जो कि शोध की दृष्टि से अति आवश्यक है। उक्त राशि के स्वीकृति एवं अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय :–** राशि के स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–08 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर (छ.ग.) में Samarth Portal को Chhattisgarh के समस्त State University में Implementation किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर से आदेश प्राप्त हुआ था जिसके तारतम्य में Samarth Portal हेतु विश्वविद्यालय से संबंधित जानकारी सक्षम स्वीकृति उपरांत प्रेषित किया गया है। Samarth Portal के leave, Payroll Management, RTI, Legal Case Management Module etc. को विश्वविद्यालय में Implement किया गया है जिसके अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय :–** अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–09 (विश्वविद्यालय के वित्त शाखा का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर द्वारा वर्ष 2024–25 का पुनरीक्षित अनुमान एवं वर्ष 2025–26 हेतु बजट अनुमान तैयार किया गया है। वित्त समिति की बैठक दिनांक 15.01.2025 में वित्त समिति की अनुशंसा उपरांत बजट पर चर्चा एवं अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय :–** प्रस्तावित बजट को अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–10 (विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के अधिसूचना क्रमांक/408/ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 12.07.2021 के अनुसार डिप्लोमा पाठ्यक्रम पत्रकारिता एवं मॉस कम्यूनिकेशन (पी.जी.डी.जे.एम.सी.) के छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय की ओर से छात्रवृत्ति प्रदाय नही किया जावेगा उल्लेखित है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ शासन की पोस्ट मैट्रिक ऑलाईन छात्रवृत्ति विश्वविद्यालय स्तर पर स्वीकृत करने के पश्चात् छत्तीसगढ़ शासन के आयुक्त कार्यालय, आदिम जाति विकास शाखा, रायपुर के द्वारा विद्यार्थियों को प्राप्त हो रहा है।

छात्रवृत्ति विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ शासन प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के द्वारा प्रदान नही किया जायेगा का कोई औचित्य नही है। शासन के द्वारा छात्रवृत्ति का लाभ इन छात्राओं को भी मिलना चाहिये इस पर विचार।

**निर्णय :–** शासन को पी.जी.डी.जे.एम.सी. के छात्रों को भी नियमानुसार पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान करने के आग्रह पत्र प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

**विषय क्रमांक–11 (विश्वविद्यालय के वाहन प्रकोष्ठ का प्रस्ताव)**

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक 48/नि.स./स./उ.शि./2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 02.05.2024 के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग की निजी स्थापना में 01 चारपहिया वाहन संलग्न कराये जाने पर विचार।

**निर्णय :–** अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–12 (विश्वविद्यालय के वाहन प्रकोष्ठ का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय में उपलब्ध पुराने वाहन INDICA XETA GL CG 02-4019 एवं INDIGO GLX CG 02-4020 का अपलेखन किया जा चुका है। जिसकी राशि रू. **30,000/–** (तीस हजार रू.) विश्वविद्यालय कोष में जमा किया गया है। दोनों पुराने वाहन के स्थान पर

21 MAR 2025

परीक्षा/गोपनीय जैसे अतिआवश्यक कार्यो के सम्पादन एवं कार्यालयीन उपयोग हेतु दो नवीन 01 महिन्द्रा बोलेरो वाहन एवं महिन्द्रा बोलेरो पिकअप जेम पोर्टल के माध्यम से छ. ग. भण्डार क्रय नियम का पालन करते हुए विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान के अन्तर्गत (एक वाहन दस लाख) दो वाहन अधिकतम लागत राशि रू. **20,00000/–** (बीस लाख) तक क्रय किये जाने की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय :–** अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–13 (विश्वविद्यालय के वाहन प्रकोष्ठ का प्रस्ताव)**

कुलसचिव महोदय हेतु नवीन वाहन क्रय किये जाने पर विचार।

विभागीय टीप– कुलसचिव महोदय को आबंटित (Maruti Suzuki Ciaz CG 02-6435) वाहन को 2015 में क्रय किया गया था जो कि लगभग 10 वर्ष हो गया है वर्तमान में वाहन 2,58,316 किलोमीटर चल चुकी है। वाहन पुराना होने के करण बार–बार तकनीकी खराबी हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार हलके वाहन 1,80,000/–किलोमीटर की दूरी पूरी कर लेने पर अनुपयोगी घोषित किया जा सकता है। वाहन को आयु सीमा से अधिक उपयोग किया जा चुका है। उक्त वाहन का अपलेखन कर उसके स्थान पर नवीन (MARUTI CIAZ SMART HYBRID ZETA1.5LMT) वाहन क्रय किया जाना प्रस्तावित है। नवीन वाहन की लागत राशि रू. 10,00,000/–(दस लाख मात्र) तक अनुमानित हो सकता है जिसकी स्वीकृति हेतु छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित किया जा सकता है।

**निर्णय :–** अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–14 (विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय से जारी किये गये कार्यादेश क्रमांक 752/भण्डार/गोप.1/श.म.क.वि.वि. /2023–24 जगदलपुर, दिनांक 15.03.2024 के अनुबंधित दर एवं शर्तो के अनुरूप सत्र 2024–25 के परीक्षा/गोपनीय संबंधी कार्यो के समाप्ति पश्चात् फर्म COEMPT EDUTECK PRIVATE LIMITED, Madhura Nagar, Hydrabad, Telangana के देयक राशि रू. **9,16,717.00,** (नौ लाख सोलह हजार सात सौ सत्रह रू.) के भुगतान किये जाने की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय :–** स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–15 (विश्वविद्यालय के प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में माह–नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 में दिनांक 01.11.2024 से 30.11.2024 एवं दिनांक 01.12.2024 से 31.12.2024 तक METAS SECURITY & FIRE SERVICES PVT LTD, K2 STEEL CITY AVANTI VIHAR, SECTOR-2 RAIPUR -492006 द्वारा तैनात किये गये सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सुरक्षा गार्ड के भुगतान संबंधी देयक क्रमांक M-01527 दिनांक 05.12.2024 एवं M-01592 दिनांक 04.01.2024 के द्वारा **माह–नवम्बर 2024 का कुल राशि रू. 636319** (छः लाख छत्तीस हजार तीन सौ उन्नीस) का भुगतान किया गया है जिसके कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने पर विचार।

**निर्णय :–** अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–16 (विश्वविद्यालय के प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में माह–नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 में दिनांक 01.11.2024 से 30.11.2024 एवं दिनांक 01.12.2024 से 31.12.2024 तक METAS SECURITY & FIRE SERVICES PVT LTD, K2 STEEL CITY AVANTI VIHAR, SECTOR-2 RAIPUR -492006 द्वारा तैनात किये गये सुरक्षा सुपरवाईजर एवं

21 MAR 2025

सुरक्षा गार्ड के भुगतान संबंधी देयक क्रमांक M-01527 दिनांक 05.12.2024 एवं M-01592 दिनांक 04.01.2024 के द्वारा **माह–दिसम्बर 2024 का कुल राशि रू. 636319** (छः लाख छत्तीस हजार तीन सौ उन्नीस) का भुगतान किया गया है जिसके कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने पर विचार।

**निर्णय :–** अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–17 (विश्वविद्यालय के प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

राज्य शासन के कर्मचारियों का पुनरीक्षित वेतनमान-2017 एवं पुनरीक्षित वेतनमान-2009 में दिनांक 1 अक्टूबर 2025 से मंहगाई भत्ते की पुनरीक्षित दरें पर विचार।

विभागीय टीप– छत्तीसगढ शासन, वित विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के आदेश क्रमांक 180/एफ 2013–04–00416/वि/नि/चार, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 05.03.2025 वित्त निर्देश 08/2025 के अनुसार वित विभाग के ज्ञापन क्रमांक 786 एफ 2013–04–00416/वि/नि/चार, दिनांक 17.10.2024 द्वारा राज्य शासन के कर्मचारियों को माह 01 अक्टूबर 2024 से सातवें वेतनमान में 50% की दर से तथा छठवें वेतनमान में 239% की दर से मंहगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है।

2/ राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया कि राज्य शासन के शासकीय सेवकों को निम्नानुसार दर से मंहगाई भत्ता दिया जाये।

| वेतनमान | अवधि जब से देय | मंहगाई भत्ते में वृद्धि का प्रतिशत | वृद्धि उपरांत मंहगाई भत्ते की दर |
|---|---|---|---|
| सातवें वेतनमान | दिनांक 01 मार्च 2025 | 3% | 53% |
| छठवा वेतनमान | दिनांक 01 मार्च 2025 | 7% | 246% |

**निर्णय :–** अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–18 (विश्वविद्यालय के स्थापना/प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शासन द्वारा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर हेतु स्वीकृत शैक्षणिक रिक्त पदो के सेटअप के विरूद्ध आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारी रखे जाने पर विचार।

विभागीय टीप– शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के विभिन्न विभागों में कार्य करने हेतु सहायक ग्रेड–03, माली एवं स्वीपर कर्मचारियों की कमी है। जिसके कारण संबंधित विभागों का कार्य प्रभावित होता है। मान्य हो तो विश्वविद्यालय में स्वीकृत रिक्त पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारी रखा जाना प्रस्तावित है।

| क्रं. | पदनाम | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सहायक ग्रेड–03 | 24 |
| 2 | माली | 2 |
| 3 | स्वीपर | 2 |

**शासन द्वारा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर में स्वीकृत सेटअप के अनुसार आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारी रखे जाने वाले पदों का स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–**

| क्रं. | पदनाम | कुल | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
| 1 | सहायक ग्रेड–03 | 24 | 6 | 18 |
| 2 | माली | 2 | 0 | 2 |
| 3 | स्वीपर | 2 | 0 | 2 |

21 MAR 2025

**निर्णय :–** आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती की स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–19 (विश्वविद्यालय के विकास विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह हेतु प्रशासनिक एवं अकादमिक भवनों का रंगरोहण कार्य विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक/318/24/चतुर्थ दीक्षांत/विकास/2024 जगदलपुर, दिनांक 17.02.2024 के परिपालन में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्राप्त प्राक्कलन राशि रू. 11.52 लाख का परीक्षण कराकर नियमानुसार भुगतान की स्वीकृति पर विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :–** अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–20 (विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के द्वारा माह जनवरी–फरवरी 2024–25 में सेमेस्टर की समस्त परीक्षाओं के प्रश्न–पत्रों की गोपनीय प्रिंटिंग, पेकिंग, विजिट एवं डिलीवरी के देयक राशि रू. 56,24,908.17 तथा IGST@18% राशि रू. 10,12,483.29 कुल देयक राशि रू. 66,37,391/– के भुगतान की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय :–** भुगतान की अनुमति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–21**

**अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।**

**विषय क्रमांक–1 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

रूसा मद अन्तर्गत माईक्रोसॉफ्ट कम्पनी के अधिकृत पार्टनर "सांई इंफो सर्विसेस, शिवा रेसिडेंसी, मथपुरेना रायपुर छत्तीसगढ़" के माध्यम से रू. 7,77,148.00 (सात लाख, सतत्तर हजार, एक सौ अड़तालीस) मात्र लागत का 37 नग Microsoft office Pro Plus Software 2021 (SNGL ILP NL Academic or Higher) क्रय एवं अग्रिम भुगतान करने पर विचार।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक/प्रशासनिक विभागों के लिए 41 नग Microsoft office Pro Plus Software 2021 (SNGL ILP NL Academic or Higher) क्रय किया जाना है, संबंधित सॉफ्टवेयर माईक्रोसॉफ्ट का Proprietary Item है, जो कि उनके अधिकृत फर्म के माध्यम से कम्पनी उपलब्ध कराती है। सॉफ्टवेयर कम्पनी द्वारा विश्वविद्यालय के रजिस्टर्ड ई–मेल पर उपलब्ध कराया जायेगा। छत्तीसगढ़ में माईक्रोसॉफ्ट कम्पनी के अधिकृत पार्टनर (MNP6570523) "सांई इंफो सर्विसेस, शिवा रेसिडेंसी, मथपुरेना रायपुर" के माध्यम से उक्त सॉफ्टवेयर एजुकेशनल इंस्टीट्यूट को दर आमंत्रण हेतु पत्र क्रमांक/480/भण्डार/रूसा 465/श.म.क.वि.वि./2024–25 जगदलपुर, दिनांक 07.03.2025 जारी किया गया था। आवक क्रमांक 7669, दिनांक 08.03.2025 द्वारा उक्त फर्म का दर उनके पत्र क्रमांक 105, दिनांक 08.03.2025 द्वारा विश्वविद्यालय में प्राप्त हुआ है। जिसके अनुसार उक्त सॉफ्टवेयर का मूल्य 18% GST सहित रू. 21,004.00 (इक्कीस हजार, चार) मात्र प्रति नग है। अतः उपलब्ध राशि में से 37 नग सॉफ्टवेयर खरीदने पर 18% GST सहित कुल रू. 7,77,148.00 (सात लाख, सतत्तर हजार, एक सौ अड़तालीस) मात्र की राशि रूसा मद अन्तर्गत व्यय होगा। फर्म ने पत्र में सॉफ्टवेयर की प्रदायगी के लिए 30 दिवस का समय का उल्लेख किया है। साथ ही फर्म के द्वारा कार्य आदेश के साथ ही 100 प्रतिशत राशि एडवांस में भुगतान चाही गई है।

**निर्णय :–** प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

21 MAR 2025

**विषय क्रमांक–2** **(विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय में आगामी शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए Pre & Post Examination and other Online Works की राष्ट्र स्तर की निविदा द्वारा अथवा जेम से बिड करने की स्वीकृति सह सूचना पर विचार।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय की आगामी शिक्षा सत्र 2025–26 दिनांक 01.06.2025 से प्रारंभ हो रही है। वर्तमान सत्र में Pre & Post Examination and other Online Works के लिए निविदा में स्वीकृत फर्म COEMPT EDUTECK PRIVATE LIMITED, Hydrabad, (Telangana) से विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 13.03.2024 को अनुबंध किया गया था। जो कि समाप्त होने वाला है। अतः छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर तथा राज्य स्तर के समाचार पत्रों में विज्ञापन छ.ग. संवाद, रायपुर के माध्यम से प्रकाशित करवाया जा सकता है। अथवा कार्य की उपलब्धता के अनुसार उक्त कार्य जेम पोर्टल पर बिड के माध्यम से कराया जा सकता है।

**निर्णय :–** अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–3** **(विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

अनुपयोगी रद्दी कागजात का विक्रय जेम पोर्टल अथवा निविदा के माध्यम से करने की स्वीकृति सह सूचना पर विचार।

**विभागीय टीप :–**

परीक्षा विभाग से प्रस्तावित विवरण अनुसार सत्र 2024–25 में विश्वविद्यालय के अनुपयोगी रद्दी कागजात एवं अन्य अनुपयोगी–पुरानी सामग्रियों का छ.ग. संवाद रायपुर के माध्यम से निविदा प्रकाशन करते हुए अथवा जेम पोर्टल पर विक्रय किया जाना प्रस्तावित है।

**निर्णय :–** अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–4** **(विश्वविद्यालय के विकास विभाग का प्रस्ताव)**

मुख्य परिसर के लॉन को आउटसोर्सिंग के द्वारा उद्यान तैयार करने पर विचार।

**निर्णय :–** अनुमति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–5** **(विश्वविद्यालय के स्थापना/प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर में प्रोग्रामर एवं विश्वविद्यालय यंत्री की नियुक्ति किये जाने पर विचार।

**निर्णय :–** दो सहायक प्रोग्रामर एवं विश्वविद्यालय यंत्री की नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई। जिनके वेतन हेतु माननीय कुलपति जी को वित्त अधिकारी से परामर्श आदि प्राप्त कर निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया।

**विषय क्रमांक–6** **(विश्वविद्यालय के स्थापना/प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय में कार्यरत डाटाएण्ट्री ऑपरेटर की पदोन्नति करने के संबंध में विचार।

**निर्णय :–** भर्ती नियमों में संशोधन करने हेतु वर्तमान में गठित समिति के माध्यम से लगभग 15 वर्षो से कार्यरत डाटा एण्ट्री आपरेटरों का अगला पदोन्नति नवीन सेटअप में स्वीकृत कार्यालय प्रबंधन (पे लेबल–9) के पद पर करने हेतु समिति को प्रकरण प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

21.03.25

**कुलसचिव**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

Manoj Kr. Srivastava
21.03.2025

**कुलपति**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

21 MAR 2025